Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 20-10-2022 | अंक 378

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल, रेफर



बरही थाना अंतर्गत धनवार निवासी मो रफीक की पत्नी जमीला खातून धनबाद रोड में जामा मस्जिद के नजदीक देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला बाजार करने बरही आई हुई थी। जहां बाजार से वापस जाने के दौरान चार पहिया वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। आस पास के लोगों ने उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गाय। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट , 5 लोग घायल

विजैया में जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई है। मारपीट में 5 लोग घायल हो गए। घायलों में विष्णु महतो (60) रविन्द्र कुमार(35) , बीरेंद्र महतो (44) किशोर प्रसाद (40) एवं रामदेव महतो (35) शामिल हैं। सभी का प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल किया गया। जिसमें गंभीर अवस्था वाले मरीज को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बरही के युवाओं में तेजी से बढ़ रहे आत्महत्या के मामले

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही में शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता होगा जब आप किसी की आत्महत्या की खबर नही सुनते होंगे। कई बार छोटी – छोटी मुश्किलों का सामना करने की जगह आज के युवा उससे घबराकर आत्महत्या जैसे खतरनाक कदम उठा रहे है। परीक्षा को लेकर तनाव हो या फिर घर में झगड़ा, व्यापार में घाटा हो जाए या फिर नोकरी में किसी प्रकार की परेशानी आना, यहां तक की प्रेम प्रसंग के मामले से लेकर उम्र के आखिरी पड़ाव में अवसाद से ग्रसित लोग भी आत्महत्या कर रहे है। वास्तव में इंसान जहां एक तरफ तेजी से विकास कर रहा है। रोजाना नई – नई तकनीकों के माध्यम से जीवन को आरामदायक बना रहे है। तो वहीं दूसरी और बढ़ते मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या जैसें मामले भी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है।

**सल्फास खाकर आत्महत्या करने वालों की संख्या बढ़ी**

अनाज की सुरक्षा के लिए सल्फास नामक दवा बनाई गई। परंतु उसका उपयोग अनाज की सुरक्षा में तो उतना नही हो सका अलबत्ता आत्महत्या में ज्यादा लोग करने लगे। परिणाम यह हुआ की बरही में पिछले चार – पांच महीनों में दर्जनों लोग इसे खाकर अपनी जिंदगी से हाथ धो बैठे। डॉक्टरों के अनुसार ❛ सल्फास❜ का विष इतना तेज होता है की उसके खाने के तुरंत बाद से ही हालत बिगड़ने लगती है। घंटे दो घंटे में तो किडनी, लीवर, आंत और शरीर के अन्य अंग नष्ट हो जाते है। जिससे लोगो को बचना मुश्किल हो जाता है।

**अपेम के मुख्य सलाहकार डॉ अनिल कुमार ने बताया की आत्महत्या के कई कारण हो सकते है।**



डॉ अनिल कुमार

**मानसिक विकार आत्महत्या के कारण में से एक**

आमतौर पर लोग मानसिक बीमारी को शर्मनाक मानते है। किसी को भी अपना मेंटल डिजीज के बारे में खुलकर बनाते नही है। जिसके कारण आगे चलकर सही उपचार न मिल पाने की वजह से यह बीमारी एक गंभीर मेंटल डिसऑर्डर में बदल जाती है जो अक्सर आत्महत्या का भी कारण बनती है।

**अत्यधिक नशा करना**

किशोरों में आत्महत्या के कारण के रूप में नशीले पदार्थो का उपयोग भी शामिल है। साथ ही साथ अन्य किसी ड्रग एवं शराब की लत होना वा अन्य नशीले पदार्थ । जब लोग शराब या ड्रग का सेवन कर लेते है तो वे और अधिक अवेगशील हो जाते है। ऐसी स्थिति में वे बिना सोचे समझे खुदकुशी करने का प्रयास करते है। दुर्भाग्य से अक्सर नशे के दौरान ही अधिकतर खुदकुशी करने का प्रयास किए जाते है।

**डिप्रेशन**

इसका सबसे बड़ा कारण अवसाद (डिप्रेशन) है। आज कल की भागदौड़ की जिंदगी में इंसान को इंसान से कमियों और खूबियों से तोला जाना इसका प्रमुख कारण है। व्यक्ति को उसके इच्छा अनुरूप चीजें नहीं मिलती, तब वह डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। अगर सही समय पर आप उसका इलाज न हुआ तो यह डिप्रेशन इतना बढ़ जाता है की इसका परिणाम आत्महत्या भी हो सकता है।

**जिंदगी अनमोल है इसे यूं ना करे बर्बाद : बीडीओ**




बीडीओ

बरही बीडीओ सी आर इंदवार ने बरही के युवाओं एवं युवतियों से अपील करते हुए कहा की जिंदगी अनमोल है। आप सभी युवा हमारे देश के भविष्य है साथ ही उन्होंने कहा की यदि आपके मन में खुदकुशी करने का विचार आता है, तो अपने किसी करीबी दोस्त या प्रिय व्यक्ति के पास पहुंचे। भले ही आपको अपनी भावनाओं के बारे में बात करने में कठिनाई महसूस हो रही हो। आप अपने डॉक्टर या अन्य हेल्थकेयर प्रोवाइडर से मिलने के लिए अपॉइंटमेंट ले, वो आपको कुछ दवाओं के सेवन के बारे में भी सजेस्ट कर सकता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की जिन लोगों के मन में आत्महत्या के विचार आते है, उन्हे अकेले ही स्थिति का सामना करने की कोशिश नही करनी चाहिए। उन्हें दूसरों से सहायता प्राप्त करनी चाहिए। परिवार अथवा मित्रों से बात करना चाहिए या फिर अपने परिवार के किसी भी सदस्य या मित्र अथवा किसी सहयोगी से बात करने से आपको बहुत राहत मिल मिल सकती है। साथ ही साथ उन्होंने सभी अभिभावकों से भी अपील किया की इस तथ्य को स्वीकार करे की आप अपने बच्चों के साथ जितने पारदर्शी होंगे, उनके साथ आपका रिश्ता उतना ही बेहतर होगा और यह आपके बच्चों को पढ़ाने का बेहतर तरीका है

## लसकरी मोड़ स्थित फैमली रेस्टोरेंट में अज्ञात अपराधियों ने की फायरिंग,बाल बाल बचे एक दंपति

### पुनि सह थाना प्रभारी ने घटना स्थल पहुंच ली घटना की जानकारी, बरही थाना में मामला दर्ज







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

रसोइया धमना पंचायत के लश्करी मोड़ के पास संचालित रेस्टोरेंटमें अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग कर एक दंपति को जान से मारने का असफल प्रयास किया। जानकारी के मुताबिक एक धनबाद का व्यवसायी उपेंद्र सिंह पिता मार्कंडेय सिंह ग्राम श्रीराम विहार कॉलोनी थाना भूली बैंक मोड़ धनबाद निवासी अपनी पत्नी एवं एक बच्चे के साथ अपनी कार से अपना पैतृक गांव बक्सर बिहार जा रहे थे। रसोइया धमना के लश्करी मोड़ के पास संचालित फैमिली रेस्टोरेंट में उन्होंने नास्ता करने के लिए गाड़ी रोकी। ज्योही वे लोग होटल में प्रवेश किया। इसी बीच एक अपाची बाइक से दो अपराधी आए और दंपति को निशाना बनाकर गोली चला दी। दो राउंड गोली चली। लेकिन गनीमत रही कि एक भी गोली उन्हें नही लगी। फायरिंग कर दोनो अपराधी अपने ही बाइक से उजैना होकर निकल गए। दंपति किसी तरह होटल के नीचे जाकर जान बचाई। सूचना पुलिस को दी गई। पुनि सह थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली। मौके पर गोली से हुई निशान पाया गया। इसके साथ मौके पर से 9 एमएम का दो खोखा, 01 मैगजीन एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। भुगतभोगी धनबाद निवासी ने उपेंद्र सिंह के बयान पर बरही थाना में जानलेवा हमला करने के आरोप में आर्म्स एक्ट के तहत प्रथमिकी दर्ज किया गया है। अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की जा रही है।

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गौ हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

**अपेम लाइव : संतगांवा**



सतगावां थाना क्षेत्र के कोठियार पंचायत के दोनैया में बुधवार की रात्रि गौ हत्या के मामले में सतगावां पुलिस ने 4 लोगों को बुधवार की रात्रि गिरफ्तार किया है।बताया जाता है कि गुप्त सूचना के आधार पर सतगावां पुलिस को गौ हत्या व मांस तस्करी करने की सूचना मिली थी ।सूचना के आधार पर सतगावां पुलिस ने छापामारी कर गौ हत्या के कई सबूत के साथ 4 लोगों को बुधवार की रात्रि गिरफ्तार कर सतगावां थाना लाए। बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से गौ हत्या कर मांस की तस्करी की जा रही थी। जिसकी गुप्त सूचना मिलने पर बीडीओ बैद्यनाथ उरांव,प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर रविकांत कुमार व सतगावां थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैद्य अपने दल बल के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर रंगे हाथ कई सबूत के साथ 4 लोगों को बुधवार की रात्रि में गिरफ्तार कर सतगावां थाना लाया हालांकि इस संबंध में दोनैया निवासी चौकीदार उपेंद्र राय उम्र 30 वर्ष पिता राजेन्द्र राय ने सतगावां थाना में एक आवेदन देकर सूचित किया है कि बुधवार की रात्रि करीब 10:30 बजे दोनैया स्थित मुस्लिम टोला में हाकिम मियां पिता स्व पाँचू मियां के द्वारा अपने घर में गौ हत्या कर रखा गया है एवं इसका मांस की बिक्री करने की तैयारी की जा रही इधर इस सूचना पाकर सतगावां थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैध ने अपने दलबल के साथ व प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रविकांत कुमार ने हाकिम मियां के घर पहुंचा तो देखा कि हाकिम मियां के घर के अंदर गला काटकर गौ पड़ा हुआ है, मरे हुए गौ का चमड़ा उतारा हुआ है, गौ का चमड़ा उतारते हुए मोहम्मद बारिश उम्र 32 वर्ष पिता हाकिम मियां, शमीम अली उम्र 30 वर्ष पिता हासिम मियां, हाकिम मियां उम्र 70 वर्ष पिता स्व पाँचू मियां तीनों साकिन दोनैया, थाना–सतगावां व गिरिडीह थाना क्षेत्र के तेलोडीह (नजाम नगर)निवासी सिराज अंसारी उम्र 30 वर्ष पिता मुस्लिम मियां रंगे हाथ पकड़े गए गौ हत्या कर उसके मांस व चमड़े को बेचने की तैयारी करने की बात स्वीकार किया है, काटे गए गौ के पास से गौ हत्या में उपयोग किये गए 3 चाकू स्टील का एवं तराजू, बटखारा व गौ का माथा विधिवत जप्ती कर सतगावां थाना लाया गया काटे गए गौ का मांस का टुकड़ा का नमूना भी जप्त कर नमूना सतगावां थाना लाया गया गौ हत्या व मांस व चमड़े की तस्करी को सतगावां थाना कांड संख्या 26/2022 दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है व गिरफ्तार लोगों को जेल भेज दिया गया है।यहां के विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष बबलू सिंह व अन्य कई समाजसेवियों ने इस मामले को लेकर कई सवाल खड़े कर रहे हैं।

## धनवार मुखिया पुत्र की चतुर्थ पुण्यतिथि पर शोक सभा का आयोजन, शामिल हुए कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पुण्य तिथि में शामिल कार्यकर्तागण

बरही प्रखंड के धनवार पंचायत मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा के 20 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार की मौत को चार वर्ष बीत चुंके है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुखिया राजेन्द्र प्रसाद अपने आवास में शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा में कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल हुए। शोक सभा में पहुंचे सभी लोगों ने मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के पुत्र दीपक कुमार के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, कोबरा वाहिनी 203 के सबइंस्पेक्टर पंकज कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर यादव, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, डोमन पांडेय, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, दुलमहा मुखिया नारायण यादव, उपमुखिया दामोदर प्रसाद, नरेश प्रसाद, बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक अविनाश आनंद, रोहित कुमार, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रकाश साव, नरेश कुमार वर्मा, गणेश साव, जगदीश महतो, दिलीप कुशवाहा, मोहन प्रसाद, महेन्दर प्रसाद, संभू महतो, महतो, प्रभुनाथ महतो, मनोज कुमार, रामजी प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, सूर्यकांत राही, अजीत कुमार, बिनोद प्रसाद, उमेश यादव, राजेश राणा, राजकुमार प्रसाद, सबदर मियां, हसमत मियां, उपेन्द्र प्रसाद, मनोज कुमार, अमरजीत कुमार, महेश प्रसाद, चन्दन केशरी, संतोष प्रजापति, सुरेश साव, कमलेश कुशवाहा, चिरंजीवी प्रसाद, दिनेश जसवाल, कुन्दन कुमार, सुरेश प्रजापति, गाजो यादव, विकाश यादव, जागेश्वर महतो, नंदलाल प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## घर के बाहर खड़ी कार में बदमाशों ने लगाई आग

### पंचायत भवन के ग्रिल में अंकित पूर्व मुखिया के नाम को भी किया क्षतिग्रस्त

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



गुरुवार को विष्णुगढ़ के चानो में जली हुई कार

विष्णुगढ़ के चानो गांव में घर के बाहर पार्क की गई अल्टो कार में बदमाशों ने आग लगा दी। इससे कार धू-धूकर जल गई। घटना गुरुवार की रात लगभग डेढ़ बजे की है। बताया जाता है कि चानो निवासी प्रयाग दास पिता लक्ष्मण रविदास अपनी कार से चानो बस्ती स्थित अपने पुराने घर गए थे। वहां से वे रात लगभग पौने 12 बजे चानो-बनासो रोड में स्थित अपने नए घर लौटे। घर के बाहर कार खड़ी कर वे सो गए। इसी बीच रात लगभग डेढ़ बजे अचानक कार का हॉर्न लगातार बजने लगा। हॉर्न की आवाज सुनकर जब वह जगे और घर से बाहर निकलने के लिए दरवाजा खोलने की कोशिश की तो दरवाजा बाहर से बंद पाया। मोबाइल के माध्यम से इसकी सूचना उन्होंने पुराने घर में रहने वाले परिजनों को दी। जब परिजन नए घर में पहुंचे तो देखा कि कार धू-धूकर जल रही है। बंद दरवाजे को बाहर से खोला गया तब कार के मालिक प्रयाग दास बाहर निकले। हो-हल्ला सुनकर आसपास के लोग जुटे तो घटनास्थल पर माचिस तथा एक बाइक की चाबी गिरा हुआ पाया। लोगों की काफी कोशिशों के बावजूद कार पूरी तरह जल कर खाक हो गई। इसके अलावा बदमाशों ने पंचायत भवन के ग्रिल में लोहे से अंकित पूर्व मुखिया पार्वती देवी के नाम को भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस कुकृत्य की समाजसेवी द्वारिका महतो उर्फ डीएम ने कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से इसकी त्वरित जांच करने तथा आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार करने की मांग की है। गुरुवार की सुबह विष्णुगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की।

## विष्णुगढ़ में अवैध संचालित आरा मिल से दो लाख की लकड़ियां जब्त

### जेसीबी से आरामिल को किया गया नेस्तनाबूद, संचालक पर केस

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



जब्त लकड़ियों को ले जाती वन विभाग की टीम

हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरभ चन्द्रा के निर्देश पर गुरुवार को गोविंदपुर में अवैध संचालित एक आरा मिल पर छापेमारी की गई। छापेमारी में आरामिल, आरा हाथी, ट्र०ली तथा प्लेटफार्म को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। आरामिल में चिरान के लिए रखी करीब दो लाख रुपये की लकड़ियां जब्त की गई। जब्त लकड़ियों को नवादा स्थायी पौधशाला परिसर में लाकर रखा गया है। इस कार्रवाई में आरा मिल संचालक जिवाधन महतो पिता स्व. बालकी महतो एवं इनके पुत्र बैजनाथ महतो पर भारतीय वन अधिनियम एवं बिहार काष्ठ चिरान अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। डीएफओ ने बताया कि जिवाधन महतो पेशेवर वन अपराधी हैं और इनके आरा मिल में बीते 30 मार्च एवं 11 सितंबर को भी छापेमारी कर ध्वस्त करते हुए केस किया गया है। इसके बावजूद ये पुनः अवैध आरा मिल संचालन कर रहे थे। छापामारी डीएफओ के नेतृत्व में की गई। छापामारी टीम में बगोदर वन क्षेत्र पदाधिकारी सुरेश राम के अलावे दारू वन क्षेत्र पदाधिकारी विजय कुमार, अंशु कुमार, संजीत रविदास, प्यारेलाल साव, पंकज कुमार, संजीत वर्मा, मो रजा अहमद, मो असलम, सोमनाथ मोदक, रंजन कुमार, देवनारायण, भुनेश्वर मंडल आदि वनरक्षी शामिल थे।

## दीवाली को लेकर घर लौट रहे मजदूर की ट्रेन से गिरकर मौत

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



सोबरन महतो (फाइल फोटो)

विष्णुगढ़ के एक प्रवासी मजदूर की मौत गुरुवार को ट्रेन से गिरकर हो गई। वे गुजरात से अपने घर लौट रहे थे। हादसा सासाराम स्टेशन के आसपास हुई। मृतक विष्णुगढ़ प्रखंड के सिरैय पंचायत अंतर्गत सरैयाटांड़ के रहने वाले थे। बताया जाता है कि सोबरन महतो (38) पिता सरयू महतो कुछ माह पूर्व कमाने के लिए गुजरात गए हुए थे। दीवाली की छुट्टी पर अपने परिजनों के संग त्योहार मनाने ट्रेन से अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच यूपी और बिहार के बीच ट्रेन से गिरकर उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ट्रेन से गिरने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। गुजरात से लौटने से पूर्व उन्होंने अपने परिजनों से बातचीत में दीवाली साथ मनाने की बात कही थी। उनके आने की खुशी में पूरा परिवार प्रसन्न था। खुशी में डूबे पूरे परिवार में अब मातम पसर गया है। मृतक को एक पुत्र सुनील कुमार एवं पुत्री लक्ष्मी कुमारी है। हादसे को लेकर प्रवासी मजदूरों के समाजसेवी सिकन्दर अली ने संवेदना प्रकट की है। अक्टूबर माह में प्रवासी मजदूर की मौत की यह दूसरी घटना है। इसी माह इस 16 अक्टूबर को बन्दखारो के दुलारचंद महतो की मौत मलेशिया में हो गई थी। अभी उनका शव मलेशिया में ही है। इधर, घटना के बाद कुछ परिजन घटनास्थल रवाना हो चुके हैं।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विजैया में कांग्रेस का भारत जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन, मोदी सरकार के गलत नीतियों से कराया अवगत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने विजैया में भारत जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या कांग्रेसी समर्थक शामिल हुए।इस अवसर पर अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है। गरीबो का जीना मुहाल कर दिया है। केंद्र सरकार पूंजीपतियों की सरकार बन कर रह गई है। गरीबो का शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी में समता मुलक समाज निर्माण की परिकल्पना है। पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने कहा कि हमारा देश हमेशा साम्प्रदायिक सद्भाव का देश रहा है। लेकिन वर्तमान में जात पात एवं धर्म सम्प्रदाय के नाम पर कटुता फैलाई जा रही है। जिस पर रोक लगाकर आपसी भाईचारगी का माहौल बनाने का काम कांग्रेस कर रही है। झारखंड के 24 जिलों के प्रखंड से पंचायत, पंचायत से गांव तक लोगों को भारत जोड़ो यात्रा से जोड़ा जायेगा। प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि आजादी के बाद देश में गंगा-जमुनी सभ्यता को कांग्रेस ने वर्षो तक बनाये रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार आने के बाद से नफरत का वातावरण फैलने लगा है, जिसके कारण देश की अखंडता खतरे में पड़ने लगी है। झूठा सपना दिखाकर केंद्र में सत्तासीन हुई सरकार ने अपना वादा तक पूरा नहीं निभाया। भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी देश को नये सिरे से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर दशरथ यादव, देवलाल कुमार, राजेंद्र यादव, मुनीलाल ठाकुर, बैजनाथ यादव, रामेश्वर यादव, भेखलाल यादव, रामकृष्ण महतो, चंद्रिका रविदास, महेश रविदास, महेंद्र यादव, दिलीप यादव, संदीप कुमार, विनोद यादव, बहादुर यादव एवं मधुसूदन सिंह


भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसी

## चित्रांकन में डिवाइन के छात्रों ने प्रतिभा दिखाई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में पाठ्य सह क्रियाकलापों के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कक्षावार आयोजित की गई। विद्यालय के चित्रकला शिक्षक राजीव कुमार मोदी के निर्देशन में बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाए।बच्चों ने बहुत ही अच्छे से अपने सृजनात्मक शक्ति को कागज पर प्रदर्शित किया।विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने सफल छात्रों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि छात्र अपने भीतर छिपी पहचाने और शिक्षक के मार्गदर्शन में उस प्रतिभा को निखारें।सफल छात्रों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों के अंदर प्रतिभा छिपी रहती है उस प्रतिभा को बाहर निकाल कर उसे निखारना ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। इसमें शिक्षक और अभिभावक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों में अस्मिता कुमारी, कुंदन राणा, रेखा कुमारी, रितेश पंडित, नितिश कुमार, सिद्धार्थ पंडित, स्रुति कुमारी, शिवम कुमार, रिंकी कुमारी, सोनु कुमार, सूरज कुमार, कुलदीप कुमार, हसन रज़ा, बादल राज, आरुषि सुमन, कुंदन कुमार, द्रौपदी कुमारी, अनिश गुप्ता, प्रीति कुमारी, वर्षा कुमारी, राजन कुमार शामिल हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में शिक्षक काशीनाथ महतो, रामनन्दन कुमार, प्रीति प्रभा,संजय कुमार यादव, कुलदीप पासवान, मनोहर सिंह, सोनाली कुमारी, अजय मंडल, अनिल उपाध्याय, विमल किशोर, रविन्द्र गुप्ता, राधा देवी, रूबी खातून समेत विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गौरियाकरमा पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, 666 लोगो ने दिया आवेदन 123 का निष्पादन


कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक


महिला को श्रम कार्ड सौंपते हुए

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम के तहत गुरुवार को गौरियाकरमा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, बीडीओ सी.आर. इंदवार, प्रमुख मनोज रजक, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, मुखिया कुमारी मीरा, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्ट०ल लगाए गए। वहीं इस शिविर में कुल 666 लोगों ने आवेदन जमा किए। साथ ही 62 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं कार्यक्रम का अवलोकन करने पहुंची एसडीओ पूनम कुजूर ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया तथा पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचकर राज्य सरकार की अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके मुखिया कुमारी मीरा, पंसस गिरधारी लाल यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजन कुमार, पूर्व मुखिया दुलार यादव सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## नगर निकाय चुनाव में आरक्षण बचाओ, चुनाव कराओ अभियान के तहत राजभवन में भाजपा का धरना, शामिल हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


एक दिवसीय धरना को संबोधित करते पूर्व विधायक

भारतीय जनता पार्टी ने नगर निकाय के चुनाव में आरक्षण बचाओ, चुनाव कराओ अभियान के तहत गुरुवार को रांची में रा. जभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमे बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी शामिल हुए। वहीं उन्होंने एक दिवसीय धरना को संबोधित करते हुए कहा की मुख्यमंत्री के दिल में खोट है। जिससे वे चाहते है की चुनाव को ठंडे बस्ते में डालकर नगर निकाय की राशि को बंदरबांट कर लिया जाए। उनकी इस मानसिकता को कभी पूरा नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा की लगभग 20 दिन बीत जाने के बाद भी राज्य सुप्रीम कोर्ट नही जाना और चुनाव को लेकर लापरवाही के खिलाफ भाजपा का यह आंदोलन जारी रहेगा।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पंचमाधव कोलांगा में नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के ग्राम कोलंगा में महावीर क्लब पंचमाधव के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जीप प्रतिनिधि प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, समाजसेवी रघुनन्दन गोप, सुरेश यादव, युवा नेता सह समाज सेवी नागेश्वर रजक, धीरेन्द्र यादव,नरेश यादव एवं राजू यादव ने सयुक्त रूप से फीता काटकर एवं फुटबॉल में किक मार कर मैच का उद्घाटन किया। उद्घाटन का पहला मैच बरकट्ठा एवं करगईयो के बीच खेला गया। जहां बरकट्ठा ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए करगईयो को 1– 0 से हराया। मौके पर धीरेन्द्र यादव, गणेश यादव, पंकज कुमार, प्रवीण कुमार, विनेश सिंह,सतीश कुमार, राजू कुमार, प्रमोद कुमार, सतीश कुमार, त्रिभुवन कुमार राजू मेंबर उपस्थित थे।

## चिरिदिरी पंचायत में सरकार आपके द्वार में उमड़ी फरियादियों की भीड़

### लगभग 42 लाख रुपये नगद महिला समूहों के बीच किया गया वितरण

### गरीबो आवाम आवामो के बीच कल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही है : हुलास

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखंड के चिरिदिरी पंचायत सचिवालय में आपका अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ पंचायत के मुखिया प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं उप प्रमुख ने दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलित के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किए निरीक्षण के बाद गरीब एवं असहायों के बीच लगभग 120 कंबल का वितरण भी उन्होंने किया। उसके बाद जेएसएलपीएस के द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह को कार्य में प्रगति लाने के लिए उन्हें लगभग बयालीस लाख रुपैया भी दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने कहा कि इस कार्यक्रम में कई बिरधा पेंशन विधवा पेंशन मनरेगा आवास सुकन्या योजना एवं अन्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों के बीच दिया गया। श्री महतो ने कहा कि आम आवामओ के भी सरकार के द्वारा दिए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ मिल रहा है। कान्हाचट्टी प्रखंड के सबसे सुदूरवर्ती पंचायत बेंगो कला कोल्हैया एवं तुलबुल के जंगली क्षेत्रों में भी रहने वाले लोगों को सरकार के द्वारा दिए जा रहे लाभ से उन्हें अवगत कराया जा रहा है एवं लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कान्हाचट्टी प्रखंड वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन में बेहतर किया गया है।कम दिनों में अधिक लोगो को पेंशन दिया गया है।मौके पर मुखिया घनश्याम पासी उप प्रमुख सुमन सिंह बीपीओ नीरज पासवान थाना प्रभारी विकास पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




## विष्णुगढ़ एवं नवादा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

### सैकड़ो लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




विष्णुगढ़ में शिविर का उद्घाटन करते जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन गुरुवार को विष्णुगढ़ तथा नवादा पंचायत में किया गया। विष्णुगढ़ में शिविर का उद्घाटन जिप सदस्य दीपिका कुमारी, प्रमुख जैबुन निशा, बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव, मुखिया पूनम कुमारी दास, पंसस पिंकी कुमारी, उपमुखिया अनुराग बर्मन तथा नवादा में मुखिया कनिजा खातून, डीएसओ अरविंद कुमार समेत बीडीओ, सीओ आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। विष्णुगढ़ पंचायत में 468 आवेदन में 178 का निष्पादन किया गया। 290 आवेदन लम्बित रहे। वहीं, नवादा में 345 में 61 मामलों का निष्पादन किया गया। 284 आवेदन लंबित रहे। नवादा में खाद्य सुरक्षा योजना में 60, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना में 115, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 31, सर्वजन पेंशन 54, मन. रेगा 15, 15वें वित्त में 02, धोती साड़ी लुंगी वितरण 07, कम्बल वितरण 13, केसीसी 07, भू लगान रसीद 18, ई श्रम कार्ड 01, जेएसएलपीएस 02, दाखिल खारिज 07, ज०ब कार्ड के 08 आवेदन प्राप्त किये गए। विष्णुगढ़ पंचायत में खाद्य सुरक्षा योजना में 65 , सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना में 162, मुख्यमंत्री पशुधन योजना में 12, सर्वजन पेंशन योजना 41, मनरेगा 33, 15वें वित्त 01, धोती साड़ी लुंगी 06, कम्बल वितरण 09, केसीसी 04, भू लगान रसीद 06, ई श्रम कार्ड 04, राशन कार्ड आधार से लिंक करना 106, जीएसएलपीएस 03, दाखिल खारिज 08, राजस्व के 06 आवेदन आए। मौके पर डीएसओ अरविंद कुमार, बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, सीओ रामबालक कुमार, एमओ आलोक कुमार, बीपीआरओ रामचन्द्र दांगी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

